हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

15 मार्च, 1991

खण्ड 1, अंक 11

अधिकृत विवरण

विशय सूची

भाुकवार, 15 मार्च, 1991

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए	(11)1
तारांकित प्र न का लिखित उत्तर	(11)26
विभिन्न विशयो का उठाया जाना	(11)26
वाक आउटस	(11)34
ध्यानाकर्शण प्रस्ताव– गायो के वध के लिए उत्तर प्रदे । में ले जाने संबंधी	(11)36
वक्तव्य– प ुपालन राज्य मंत्री द्वारा उर्पयुक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव संबंधी	(11)36
घोशणा– सचिव द्वारा	(11)38
नियम 15 के अधीन प्रस्ताव	(11)39

नियम 16 के अधीन प्रस्ताव	(11)39
समितियो की रिपोर्टस पे ा करना	
(1) कमेटी औन पब्लिक अंडरटेकिंग्ज की 31वीं रिपोर्ट	(11)40
(2) कमेटी औन ऐस्टीमेट्स की 23वीं रिपोर्ट	(11)40
(3) कमेटी औन गवर्नमैंट अ योरैंसिज की 22वीं रिपोर्ट	(11)40
(4) कमेटी औन दि वैलफेयर आफ ि ाडयूल्ड कास्ट्स एण्ड ि ाडयूल्ड ट्राइब्ज की 16वीं रिपोर्ट	(11)41
बिल्ज–	
(1) दि हरियाणा एप्रोप्रिए ान (नं0 1) बिल, 1991	(11)41
(2) दि हरियाणा एप्रोप्रिए ान (नं0 2) बिल, 1991	(11)46
(3) दि हरियाणा एण्ड पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज (हरियाणा अमैडमैंट) बिल, 1991	(11)50
(4) दि हरियाणा रुल्ज डिवैल्पमैंट (अमैडमैंट) बिल, 1991	(11)53
(5) दि फरीदाबाद कम्पलैक्स (रैगुले ान एण्ड डिवैल्पमैंट) अमैडमैंट बिल, 1991	(11)55

(6) दि फरीदाबाद कम्पलैक्स (रैगुले ान एण्ड डिवैल्पमैंट) अमैडमैंट बिल, 1991	(11)57
(7) दि पंजाब टाउन इम्प्रूवमैंट (हरियाणा अमैडमैंट) बिल, 1991	(11)61
(8) दि हरियाणा म्यूनिसिपल (अमैडमैंट) बिल, 1991	(11)64
(9) दि हरियाणा पब्लिक वक्फस (ऐक्सटैन ान आफ लिमिटे ान) बिल, 1991	(11)65
(10) दि हरियाणा मोटर ट्रांसपोर्ट व्हीकल्ज (टोल) बिल, 1991	(11)67
(11) दि पंजाब विपेज कौमन लैण्डज (रैगुले ान) हरियाणा अमैडमैंट बिल, 1991	(11)73
(12) दि हरियाणा जनरल सेल्ज टैक्स (अमैडमैंट) बिल, 1991	(11)78
(13) दि हरियाणा श्री माता मनसा देवी भाराइन बिल, 1991	(11)82
(14) दि हरियाणा लैजिसलेटिव असैम्बली (अलाउंसिज एण्ड पैन ान औफ मैम्बर्ज) अमैडमैंट बिल, 1991	(11)84
(15) दि पंजाब सिक्योरिटी आफ लैंड टैन्योर्ज	(11)86

(हरियाणा अमैडमैंट) बिल, 1991	
सरकारी संकल्प– जल (प्रदूशण निवारण तथा नियंत्रण) सं ाोधन अधिनियम, 1988 (1988 का अधिनियम 53) को ग्रहण करने सम्बन्धी	(11)88
नियम 84 के अधीन प्रस्ताव– (1) वर्श 1989–90 के लिए हरियाणा राज्य जल प्रदूशण निवारण तथा नियंत्रण बोर्ड की वार्शिक रिपोर्ट (बहस हुई)	(11)89
(2) वर्श 1987–88 के लिए हरियाणा खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के वार्शिक वित्तीय लेखे (पे ा नही हुआ)	(11)91
(3) हरियाणा पिछडा वर्ग आयोग, 1990 जिसकी अध्यक्षता न्यायाधी ा गुरनाम सिंह ने की थी की रिपोर्ट (बहस हुई)	(11)92
(4) वर्श 1987–88 के लिए हरियाणा कृशि उद्योग निगम लिमिटेड की 21वीं वार्शिक रिपोर्ट (पे ा नही हुआ)	(11)100

(5) वर्श 1988–89 के लिए हरियाणा कृशि उद्योग लिमिटेड की 22वीं वार्शिक रिपोर्ट (पे ा नही हुआ)	(11)100
वक्तव्य– गृह मंत्री द्वारा मंडल आयोग विरोधी आंदोलन के दौरान श्री सूरज भान, एम0 एल0 ए0 के घर पर हुए हमले संबंधी	(11)100
अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद	(11)102

हरियाणा विधान सभा

भुक्रवार, 15 मार्च, 1991

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में 9.30 बजे हुई। (सरदार हरमोहिन्दर सिंह चट्ठा) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्ष: आनरेबल मैम्बर्ज, अब सवाल होगे।

तारांकित प्र न संख्या 1276

यह प्र न पूछा नही गया, क्योंकि इस समय माननीय सदस्य, कैप्टन अजय सिंह यादव, सदन मे उपस्थित नही थे।

Government Schools Withut Floormats in the State

***1285. Shrimati Kamla Verma:** Will the Minister of State for Education be pleased to state whether the Government is aware of the fact that most of the Governmnet schools in the villages and cities in the State are without floormats; if so, the time by which the floormats are likely to be provided in these schools?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री सुरेन्द्र सिंह): सरकार को विदित है कि कुछ राजकीय प्राथमिक विद्यालयो में फलोरमेट (टाट्–पट्टी) प्र्यापत नही है। टाट–पट्टी नश्ट होने वाली वस्तु होने के कारण,

सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयो को नियमित तौर पर टाट–पट्टी उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्न ील रही है।

श्रीमती कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, एक ओर तो पब्लिक स्कूलो की पढाई बडी महंगी हो रही है और आम आदमी का बच्चा वहां जा नही सकता लेकिन दूसरी ओर गावों के प्राइमरी स्कूलो की बात तो मै क्या करु, भाहरो के मिडिल स्कूलो या प्राइमरी स्कूलो के अन्दर बच्चो के बैठने के लिए कोई प्रावधान नही है। बच्चे बिना टाट–पटटी के जमीन पर ही बैठते है। इसलिए मै सरकार से यह जानना चाहती हूं कि क्या सरकार गावों व भाहरो के स्कूलो के अन्दर बच्चो की आम सुविधाओ के लिए कोई प्रयास करेगी ताकि लोगो की रुचि पब्लिक स्कूलो से हटकर सरकारी स्कूलो की ओर ही रहे क्योंकि पब्लिक स्कूलो के अन्दर अपने बच्चो को पढाना एक साधारण आदमी के बस की बात नही है?

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै बहन जी को यह बता देना चाहता हूं कि इस साल साढे 27 लाख रुपये की टाट–पट्टी खरीदी जा रही है और यह काम हाई पावर्ड कमेटी द्वारा जेल विभाग को टाट–पट्टी सप्लाई करने के लिए सौंपा गया है।

श्रीमती कमला वर्मा: अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय यह बताएंगे कि ि ाक्षा विभाग ने सारी ऐसटेबलि ामैंट के लिए कुल कितना रुपया रखा हुआ है?

श्री सुरेन्द्र सिंह: अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य महोदया इसके लिए सैपरेट नोटिस दें।

श्री सूरज भान: अध्यक्ष महोदय, स्कूलो में टाट–पट्टी नही, अस्पतालो में बट्टी नही। सरकार इस दयनीय स्थिती से कब उपर उभरेगी? क्या इसके लिए सरकार कोई प्रयास कर रही है?

श्री सुरेन्द्र सिंह: अध्यक्ष महोदय, प्रयास तो हो ही रहे है।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय ने बतलाया कि इस साल साढे 27 लाख रुपये की टाट–पट्टी खरीदी जा रही है। मै उन से यह जानना चाहता हूं कि वे साल के आखिर में साढे 27 लाख रुपये किस प्रकार से खर्च कर रहे है और सारा साल ये क्या करते रहे? पहले दिनो में इन्होने यह खर्चा क्यो नही किया? साथ में यह भी बतलाए कि यह जो टाट–पट्टी मंगवा रहे है, कितने स्कूलो के लिये मंगवा रहे है?

मुख्य मंत्री (श्री हुकम सिंह): अध्यक्ष महोदय, टाट–पट्टी के लिए जेल विभाग को सरकार ने बहुत पहले से ही आर्डर दे रखा है। कुछ तो जेल विभाग ने सप्लाई की है और बाकी के लिए

उन्हे हिदायते दे रखी है कि वे जल्द से जल्द सप्लाई करे ताकि उस टाट–पट्टी को जल्द से जल्द स्कूलो में भिजवा दिया जाए।

श्री कैला ा चन्द्र भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने बतलाया कि यह टाट–पटटी वाली आईटम समाप्त होने वाली आईटम है। क्या मंत्री महोदय यह बताएंगे कि स्कूलो में टाट–पटटी बदले जाने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित है कि इतने समय के अन्दर यह टाट–पटटी बदली जाएगी?

श्री सुरेन्द्र सिंह: अध्यक्ष महोदय, टाट–पटटी की एक साल के अन्दर अन्दर डिमांड कर लेते है। 1990–91 में प्राइमरी स्कूलो की 11 लाख 33 हजार 332 मीटर्ज टाट–पटटी की डिमांड थी जिसके विरुद्ध हम 4 लाख 3 हजार 661 मीटरर्ज जेल विभाग से लेकर सभी जिलो को भिजवा रहे है।

श्रीमती कमला वर्मा: अध्यक्ष महोदय, अकसर बजट के पहले दस महीनो में पैसा खर्च न करके पिछले दो महीनो में खर्च पर जोर दिया जाता है और उन्ही दो महीनो में इधर उधर से टैन्डर काल कर लिये जाते है और काम पूरा करने का यत्न किया जाता है जो कई बार ठीक नही हो पाता। क्या मुख्य मंत्री जी बताएंगे कि इसके क्या कारण है?

श्री हुकम सिंह: अध्यक्ष महोदय, मै बहन जी को यह बता देना चाहता हूं कि इधर उधर से टैण्डर काल नही किये जाते। यह आईटम केवल जेल विभाग से ही खरीदी जाती है न

कि किसी प्राइवेट आदमी से खरीदी जाती है। वहां से टाट–पटटी आने पर स्कूलो में भेजने का प्रबन्ध किया जाता है।

श्रीमती कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, मेरा कहने का मतलब है कि जितना भी सरकारी कार्यलयो का व्यय होता है, वह पहले 10 महीनो तक तो नही किया जाता लेकिन पिछले दो महीनो में पैसे को खर्च करने के लिए जोर दिया जाता है ताकि यह पैसा लैप्स न हो जाए। क्या सरकार अपनी इस नीति को सुधार लाने का प्रयास करेगी ताकि पैसा सही समय पर और सही कामो पर खर्च किया जा सके?

श्री हुकम सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैने पहले ही बताया है कि यह आर्डर हमने बहुत पहले से जेल विभाग को दे रखा था।

श्री हीरा नन्द आर्यः अध्यक्ष महोदय, मै मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस समय कितने ऐसे स्कूल है जिनमें टाट–पटटी नही है?

श्री हुकम सिंहः अध्यक्ष महोदय, यह तो नही कहा जा सकता कि कितने स्कूल है जिनमें टाट–पटटी नही है लेकिन मै सदन को वि वास दिलाता हूं कि हमने जेल विभाग को कह दिया है कि वह पूरी सप्लाई जल्द से जलद करे।

तारांकित प्र न संख्या 1311

यह प्र न पूछा नही गया, क्योंकि इस समय माननीय सदस्य, श्री परमा नन्द, सदन में उपस्थित नही थे।

Construction of Roads

***1368. Shri Sita Ram Singla:** Will the Minister for P.W.D (B&R) be pleased to state the number of roads constructed in Gurgaon Assembly Constituency during the year 1989-90 together with the details thereof?

लोक निर्माण मंत्री (श्री जगन नाथ): गुडगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 300 मीटर लम्बी एक पहुंच सडक गुडगांव फारुखनगर सडक से गांव धनकोट के राजकीय उच्च विद्यालय तक बनाई गई है।

श्री सीता राम सिंगला: अध्यक्ष महोदय, गुडगांव में दिन बदिन आबादी बढ रही है। ऐसी सूरत के अन्दर सारे साल में केवल तीन सौ मीटर सडक बनी है। मै मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि गुडगांव से इनके पास कितनी प्रपोजल आई और उसमें से एडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रूवल कितनी की हुई?

श्री जगन नाथ: स्पीकर साहब, इन्होने पूछा था कि इस साल कितनी सडके बनी है। हमने एक सडक बना दी है। इसके अलावा आठ सौ मीटर की सडक गांव बालुपुर से नानक हेडी तक बनाई है। तीन और सडको पर काम चल रहा है। इसके अलावा 12 सडको की मुरम्मत की गई है। गुडगांव में तो बहुत काम हो

रहे है क्योकि वहां हुडडा के काम भी चल रहे है, वहां स्टेट हाई वे भी है और ने ानल हाई–वे भी वहां से जाता है।

श्री सीता राम सिंगलाः अध्यक्ष महोदय, ये अपने विभाग के बारे में बात करे, दूसरे विभाग की बात मत करे। मै जानना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर से कितनी प्रपोजल आई और इन्होने कितनी की ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रूवल दी?

श्री जगन नाथः स्पीकर साहब, इन्होने प्रपोजल के बारे में नही पूछा था। मैने बताया है कि इसके अलावा तीन और सडको पर काम चल रहा है। वे है गुडगांव से फरुख नगर, वजीराबाद से धाटा ओर बजगेडा से जहाज पुर। इसके अलावा हमने 12 सडको की मुरम्मत का काम भी किया है।

श्री सीता राम सिंगलाः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी यह बता दे कि इस सडक की ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रूवल 1987 से पहले की है या इस सरकार ने दी थी?

श्री जगन नाथः स्पीकर साहब, इसकी ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रूवल 9–12–1985 को हुई थी।

श्री रामविलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, गुडगांव चुनाव क्षेत्र का यह सवाल है। मै मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि वर्श 1990–91 के दौरान इनके विभाग ने इनके पास कितनी नई सडके बनाने के प्रस्ताव भेजे और उनमें से कितनो पर विचार किया गया, अगर नही किया गया तो क्यो नही किया गया?

श्री जगन नाथः स्पीकर साहब, जो मेन सवाल है उसमें यह नही पूछा गया था कि वहां पर कितनी सडके बनाने का प्रस्ताव था और उनमें से कितनी सडके बना दी गई है और कितनी बाकी रहती है। फिर भी मैने बता दिया है कि दो सडको पर काम पूरा हो चुका है, तीन सडको पर काम चल रहा है और 12 सडको की मुरम्मत की गई है।

Science & Technology Park at Ambala

***1319. Shri Anil Kumar Vij:** Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to open a science & Technology Park at Ambala Cantt; and

(b) if so, the time by which the aforesaid park is likely to be opened?

मुख्य मंत्री (श्री हुकम सिंह):

(क) हां।

(ख) उपरोक्त प्रस्ताव भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई0 डी0 बी0 आई0) को विचारार्थ भेजा हुआ है। अभी कोई समय सीमा नही बताई जा सकती।

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, इस प्रोजैक्ट को बनाने की घोशणा वर्श 1987 के आखिर में या वर्श 1988 में भ्रुरु की गई थी। चार साल बीत जाने के बाद भी यह कहा जा रहा है कि यह प्रस्ताव भारत सरकार को विचारार्थ भेजा हुआ है। मै आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि यह प्रस्ताव भारत सरकार को कब भेजा गया और अब उस पर फालोअप ऐक ान क्या हो रहा है?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, यह प्रस्ताव फरवरी महीने में भेजा गया था। जब तक भारत सरकार और आई0 डी0 बी0 आई0 पैसा नही देंगे तब तक इस पर काम भ्रुरु नही हो सकता।

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इस प्रोजैक्ट पर कितने पैसे खर्च होने की सम्भावना है और इस प्रोजैक्ट पर जितना पैसा खर्च होगा उसमें से भारत सरकार, हरियाणा सरकार और आई0 डी0 बी0 आई0 की तरफ से कितना कितना पैसा दिया जाएगा?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, यह प्रौजैक्ट 10 एकड जमीन पर बनना है और इस पर 1करोड 67लाख रुपए खर्च होंगे जिसमेंसे हारटोन साढे 24 लाख रुपए, हरियाणा सरकार 21 लाख 25 हजार रुपए, भारत सरकार 38 लाख रुपए और आई0 डी0 बी0 आई0 83 लाख 75 हजार रुपए देगा।

श्री सूरज भानः स्पीकर साहब, इस प्रोजैक्ट को बनाने के लिए कुछ पैसा केन्द्रीय सरकार ने खर्च करना है। यह मामला तीन साल से लटका हुआ है। अब उन्होने उसकी प्रोपोजल फरवरी के महीने में इसलिए भेजा है क्योंकि यह क्वै चन माननीय सदस्य ने फरवरी में ही आपकी सेवा में दिया है। मैम्बर साहब ने क्वे चन फरवरी में दे दिया इसलिए उसकी प्रपोजल भेज दी वरना पता नही भेजी जाती या नही भेजी जाती। मै यह जानना चाहूंगा कि इस प्रौजैक्ट की प्रापोजल भारत सरकार को भेजने में डिले के लिए किसको जिम्मेदार ठहराया गया है?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, इसमे कोई किसी प्रकार की डिले नही हुई है। इसकी प्रोजैक्ट रिपोर्ट तैयार नही हुई थी। इसकी प्रोजैक्ट रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

श्री अनिल कुमार विजः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने बताया कि यह प्राजैक्ट 10 एकड जमीन पर बनना है। मै आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या वह जमीन ऐक्वायर कर ली गई है?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, अभी तो उस प्रोजैक्ट के बारे में भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। यदि भारत सरकार और आई0 डी0 बी0 आई. मान जाएंगे तो उसके बाद ही

जमीन ऐक्वायर की जा सकती है। पहले जमीन ऐक्वायर करने का क्या फायदा है?

डा0 रघुबीर सिंहः स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो इस साईंस एण्ड टैक्नोलोती पार्क की प्रोपोजल बनी है वह किन औब्जैक्टस को सामने रख कर बनाई गई थी? इसके अलावा मै यह भी जानना चाहता हूं कि क्या इस साईंस एंड टैक्नोलोजी पार्क और डिजनीलैंड (अम्यूजमैंट पार्क) में सिमीलैरिटी है?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, कादियान साहब पी0 एच0 डी0 है इसलिए उनको खुद ही इस बारे में जानकारी होनी चाहिए।

श्री सीता राम सिंगलाः स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या इस प्रकार के साईंस एण्ड टैक्नोलोजी पार्क किसी और जिले में भी बनाने की प्रोपोजल सरकार के पास आई है?

श्री हुकम सिंहः स्पीकर साहब, भिवानी और कुरुक्षेत्र जिले से आई है।

Recruitment of Drivers and Conductors in Transport Deptt.

***1341. Shri Muni Lal:** Will the Minister of State for Transport be pleased to state-

(a) the district-wise number of Drivers and Conductors recruited in the Transport Department during the last three and a half years togetherwith the number of persons belonging to Scheduled Csters and Backward Classes amongst them; and

(b) whether the posts for the persons belonging to Scheduled Castes and Backward Classes have been filled up according to the prescribed quota?

परिवहन राज्य मंत्री (श्री वेद सिंह मलिक):

(क) अपेक्षित सूचना अनुबन्ध 'ए' मे दी गई है जोकि विधान सभा के पटल पर रखी जाती है।

(ख) जी नही, इसमें थोडी सी कमी है।

अनुबन्ध 'ए'

क्रमांक	डिपो का नाम	चालको की कुल संख्या	अनु–सूचित जाति से संबंधित	पिछडे वर्ग से संबंधित	परिचालको की कुल संख्या	अनु–सूचित जाति से संबंधित	पिछडे वर्ग से संबंधित
1	अम्बाला	75	13	6	79	16	8
2	जीन्द	125	85	9	71	12	10

3	कैथल	74	5	6	32	7	4
4	सोनीपत	97	0	11	95	18	8
5	चण्डीगढ	146	20	17	132	23	15
6	करनाल	112	2	12	116	25	12
7	यमुनानगर	84	3	10	73	12	11
8	कुरुक्षेत्र	36		3	35	6	4
9	गुडगांव	76	3	6	46	7	4
10	रेवाडी	73	5	5	53	8	3
11	भिवानी	166	14	14	38	7	5
12	फरीदाबाद	74	12	6	32	6	3
13	रोहतक	144	6	13	97	30	12
14	हिसार	70	1	7	91	8	7
15	सिरसा	92	3	17	52	14	11
16	दिल्ली	48		5	10	1	1
17	फतेहाबाद	70	2	8	51	7	7

	कुल संख्या	1562	104	155	1103	207	125

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, इस विभाग में 1562 चालको की भर्ती की गई है जिनमें से 104 चालको की पोस्टो पर ि ाड्यूल्ड कास्टस कैंडीडेट लगाए है जबकि रिजर्वे ान के हिसाब से 306 लिए जाने चाहिए थे। वैलफेयर ऑफ ि ाड्यूल्ड कास्ट्स एंड ि ाड्यूल्ड कास्ट्स कमेटी का मैम्बर होने के नाते मुझे यह पता है कि भिन्न–भिन्न विभागो में रिजर्वे ान का कोटा पूरा नही है, बहुत बैकलौग है और हर साल बैकलौग बढता ही जा रहा है। मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि यह जो 202 चालको का बैकलौग है क्या इसकी जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा और यह बैकलौग किन कारणो से रह गया?

श्री वेद सिंह मलिकः स्पीकर साहब, ड्राईवर के लिए लाइसैंस और तजुर्बे की जरुरत होती है और उस समय रिजर्व कोटे के हिसाब से ि ाड्यूल्ड कास्टस कैंडीडेट यह योग्यता पूरी नही करते थे इसलिए यह बैकलौग रह गया।

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, मै मंत्री महोदय की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि हजारो बेरोजगार ड्राईवरो के नाम रोजगार कार्यालयो में दर्ज है। क्या उनको ये लगाने की कृपा करेंगे?

श्री वेद सिंह मलिकः स्पीकर साहब, मै इन्हे बताना चाहता हूं कि एस0 एस0 एस.0 बोर्ड के अलावा एम्पलायमैंट एक्सचेंज से हमने एस0 सी0 के 51 और बी0 सी0 के 66 ड्राईवर लिए है। इसी प्रकार से एस0 सी0 के 42 और बी0 सी0 के 29 कन्डक्टर्ज भी रोजगार विभाग के जरिए लिए है।

श्री भाग मलः स्पीकर साहब, 28—2—91 को सरकार की तरफ से एक स्पे ाल गजट नोटिफिके ान निकाला गया है जिसके पैरा 1 के सब पैरा 2 में यह लिखा है कि जनरल कैटेगरी से ज्यादा भर्ती कर ली जाये और जो रिजर्व कोटे की वैकेंसी बचेंगी उनको बाद में भर लिया जायेगा। मै सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि क्या एस0 सी0 और बी0 सी0 के लोगो के साथ ये भेदभाव करके उनको डिबार तो नही करना चाहते क्योकि ये उनका कोटा पूरा नही करना चाहते? इस बारे में मंत्री महोदय कृप्या स्थिती स्पश्ट करें?

श्री वेद सिंह मलिकः स्पीकर साहब, रिजर्वे ान कोटे को भी अव य पूरा किया जायेगा। जैसा मै पहले बता चुका हूं कि ड्राईवर्ज के लिए लाइसैंस और 5 साल का तजुर्बा होना जरुरी है। हमें एस0 सी0 के ऐसे कम लोग मिलते है। हम पूरी कोि ा ा करेंगे कि एस0 सी0 की खाली पडी पोस्टो को भी जल्दी से जल्दी भर लिया जाये।

श्री उदय भानः स्पीकर साहब, जो संख्या चालको ओर परिचालको की इन्होने अपने लिखित जवाब में दिखाई है उसमें से एस0 एस0 एस0 बोर्ड और दूसरी जगहो से कितने लोग लिए गए है। लिस्ट में दी गई सूचना के आधार पर तो ड्राइवर्ज की यह संख्या सिर्फ साढे छः प्रसैंट बैठती है। मै जानना चाहता हूं कि इनको क्या एस0 सी0 के लडके नही मिल रहे या और किसी कारण से इन खाली पडी पोस्टो को नही भरा जा रहा है। मै यह भी इनकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि पिछले सै ान में इन्होने कन्डक्टर्ज की संख्या 1503 दिखाई थी और अब जवाब में 1103 दिखा रहे है, इसलिए मै मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि इसमें से कौन सी फिगर ठीक है?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, एस एस एस बोर्ड से एस सी के 53 और बी सी के 89 ड्राईवर्ज लिए है। इसी तरह से एस सी के 165 और बी सी के 96 कन्डकटर्ज लिए गए है।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि जो भर्ती इन्होने की है क्या यह सारी एस0 एस0 एस0 बोर्ड और रोजगार कार्यालय के माध्यम से की है या किसी और प्राइवेट एजेंसी के जरिए भी की है?

श्री वेद सिंह मलिकः स्पीकर साहब, हमने यह भर्ती एस0 एस0 एस0 बोर्ड और रोजगार कार्यालय के माध्यम से की है।

श्री दुर्गा दत्त अत्री: अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी बताने की कृपा करेगे कि एस एस एस बोर्ड के द्वारा जो लिस्ट निकाली गई थी उन सभी को नौकरी पर रख लिया गया है। (विघ्न्) मै यह इसलिए पूछना चाहता हूं क्योकि जो भर्ती की गई है उसमें चण्डीगढ और दिल्ली के लोग कहां से आ गए?

श्री वेद सिंह मलिक: स्पीकर साहब, एस0 एस0 एस0 बोर्ड से जो लिस्ट आई थी उसके अनुसार हमने सारे लोग तो नही लगाये। लेकिन मै स्थिती स्पश्ट करते हुए बताना चाहूंगा कि पहले एक व्हीकल के पीछे चार आदमियो का नाम फिक्स किया हुआ था। हमने ओवर टाईम कम करने के लिए और रोजगार देने के लिए यह नाम 1–4 से बढाकर 1–7 कर दिया था लेकिन बाद में श्री बनारसी दास गुप्ता जी ने अपने मुख्य मंत्री काल में यह नाम फिर 1–7 से घटाकर 1–4 कर दिया। इस वजह से जो लिस्ट वहां से आई थी उस हिसाब से हम इन्हे नही लगा पाये।

श्रीमती कमला वर्मा: अध्यक्ष महोदय, एस0 सी0 और बी0 सी0 के काफी कम लोग लगाये है जिसकी वजह से इनका बैकलॉग भी चला आ रहा है। मै मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि जब एस0 एस0 एस0 बोर्ड के माध्यम से इनके पास बी0 सी0 के कैन्डीडैटस मिल सकते है तो फिर इनको क्यों नही लगाया जाता? एक तरफ तो कहते है कि मिलते नही ओर दूसरी तरफ मिलते है तो लगाते नहीं। मै एक ऐसे बी0 सी0 कंडक्टर का रोल नम्बर

आपको दे सकती हूं जिसको एस0 एस0 एस0 बोर्ड ने चुन लिया पर नियुक्ति नही की। क्या ये बताएंगे कि उसका क्या कारण है?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, बी0 सी0 के कैन्डीडैटस तो हमने पहले ही ज्यादा रखे हुए है, उनमे कोई बैकलॉग नही है।

श्री योगे ा चन्द भार्माः स्पीकर साहब, मै मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि एस0 एस0 एस0 बोर्ड से जिन नामो की सिफारि ा की गई थी क्या उन नामो की सिफारि ा में कमी रह गई थी जिसकी वजह से इनको बाद में बजाये एम्पलायमैंट एक्सचंज के भी डायरेक्ट भर्ती करनी पडी?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, एस0 एस0 एस0 बोर्ड से हमारे पास ड्राईवर्ज की 1527 की लिस्ट आई थी। इसमें से 305 एस0 सी0 के और 153 बी0 सी0 के ड्राईवर्ज थे।

श्री भगवान सहय रावतः अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से अपने योग्य मंत्री जी से स्पेसिफिक्ली यह जानना चाहता हू कि 1562 चालक तथा 1103 कंडक्टर जो भर्ती किए गए है उनमें से कितने अधीनस्थ सेवाएं प्रवरण मण्डल, हरियाणा और कितने अन्य साधनो से लिए गए और जो एस0 एस0 एस0 बोर्ड द्वारा उम्मीदवार सिफारि ा किए गए है क्या उन सभी को सेवा में लेने बारे सरकार विचार करेगी?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मै अपने माननीय साथी को यह बताना चाहूंगा कि हमारे पास स्टाफ पहले की सरप्लस है, अगर जरुरत होगी तो बाद में उनको लिया जाएगा।

कामरेड हरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने बताया है कि चण्डीगढ डिपो के लिए 146 और करनाल डिपो के लिए 112 ड्राईवर्ज भर्ती किए गए है। मै आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से ये जानना चाहता हूं कि जो रिक्रूटमैंट की गई है वह जिलावाईजकी गई है या कि जैसे श्री धर्मवीर सिंह जी के समय एक ही हलके से भर्ती की गई थी, वैसे ही एक ही हलके से भर्ती की है?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मै अपने माननीय साथी को यह बताना चाहूंगा कि ऐसी कोई बात नही है।

श्री सूरज भानः अध्यक्ष महोदय, जहां तक एस0 सी0 का कोटा पूरा करने का ताल्लुक है इसमें दो आर्डर्ज़ जारी हुए है। माननीय सदस्य, श्री भागमल जी ने 28 फरवरी का नोटिफिके ान का जिक्र किया है जिसमें एक आर्डर में यह कहा गया है कि भर्ती में बैकलॉग पूरा कर लिया है और दूसरे आर्डर में कन्ट्राडिक्ट किया गया है। अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं यह कानट्राडिक ान क्यों है?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मै अपने माननीय साथी को यह बताना चाहूंगा कि ऐसी कोई बात नही है।

श्री उदय भानः अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि जो कण्डक्टर्ज और ड्राईवर्ज भर्ती किए गए है उनमें एस0 सी0 का जो बैकलॉग है उसका क्या कारण है, क्या इन योग्यताओ के उम्मीदवार उपलब्ध नही हुए अथवा उनको जानबूझ कर नही लिया गया?

श्री वेद सिंह मलिकः अध्यक्ष महोदय, मै अपने माननीय साथी को यह बताना चाहूंगा कि योग्यताएं पूरी करने वाले एस0 सी0 कैंडीडैट्स उपलब्ध नही थे और जो बैकलॉग है उसको जल्दी ही पूरा किया जाएगा।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि ड्राईवरो के जो खाली पद है। (विघ्न्)

गृह मंत्री (प्रो0 सम्पत सिंह): अध्यक्ष महोदय, 'खालिस्तान' कही नही है। (हसी)

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, खालिस्तान की मांग तो इन्ही के नेता ने की है हमने कभी खालिस्तान की मांग नही की है। यह मांग तो इनके नेता ने खुद ही की हुई है। (हंसी)

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, खालिस्तान किसी भी सूरत में नही बनने दिया जाएगा। हमारे किसी नेता ने भी खालिस्तान की मांग नही की है ये तो इन्ही के नेता है जो ऐसी मांग करते है। (हंसी)

श्री राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मै आदरणीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि एस0 एस0 एस0 बोर्ड की जो लिस्ट है उसमें जो कैंडिडेट्स है क्या उन सभी को नौकरी मे ंलेने पर सरकार विचार करेगी?

श्री वेद सिंह मलिक: अध्यक्ष महोदय, मैने पहले भी बताया है कि हमारे पास स्टाफ सरप्लस है। जैसे जैसे जरुरत पडेगी इस लिस्ट में से उम्मीदवारो को लिया जाएगा।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि जो ड्राइवर्ज और कण्डक्टर्ज़ भर्ती किए गए है उनमें से कितने सीधी दरखास्त ले कर भर्ती किए गए है, कितने एस0 एस0 एस0 बोर्ड के जरिये भर्ती किए गए है और कितने अन्य साधनो से भर्ती किए गए है?

श्री वेद सिंह मलिक: अध्यक्ष महोदय, एस एस एस बोर्ड से ड्राइवर्ज एस0 सी0 के 53 लिए गए है और बी0 सी0 के 89 लिए गए है। .....(ाोर एवं व्यवधान)

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय,.....

श्री अध्यक्ष: आर्य साहब आप बैठिए।

श्री हीरा नन्द आर्य: अध्यक्ष महोदय, हम तो आपके आदे ा को मानकर बैठ जाते है लेकिन आप इन सत्तापक्ष वालो को भी तो बैठने को कहिए।

Mr. Speaker: I request every body to take his seat please.

श्री ि ाव प्रसादः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेगे कि कब और कितने पद खाली पडे है?

श्री वेद सिंह मलिकः कोई स्थान खाली नही पडा है।

Electricity Sub-Station in Thanesar Constituency

***1303. Shri Ashok Kumar:** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to set up Electricity Sub-Station in Thanesar Constituency during the year 1991&92; and

(b) if so, the location thereof togetherwith the time by which it is likely to be set up?

गृह मंत्री (प्रो0 सम्पत सिंह):

(क) हां, श्रीमान् जी।

(ख) पोपली के पास 132 के0 वी0 उप बिजली घर (सब–स्टे ान) स्थापित करने का प्रस्ताव है। यह सब–स्टे ान (उप बिजली घर) वर्श, 1992–93 के दौरान चालू होना सम्भावित है।

श्री अ ाोक कुमारः अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि यह सब–स्टे ान कब मंजूर हुआ था और इस पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है?

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, अब तक हुडडा से इसके लिए जमीन ईयरमार्क करा दी गयी है। इसी वर्श के अन्दर उस पर काम भाुरु हो जाएगा और वर्श 1992–93 के अन्दर यह काम समाप्त हो जायेगा।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या 132 के0 वी0 का सब–स्टे ान सीवन, जिला कैथल, के अन्दर अन्डर कंस्ट्रक ान है, अगर है तो कब तक वह बन जायेगा?

श्री अध्यक्षः यह सवाल सीवन के बारे में नही है। आप सवाल तो पढिये।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, मंत्री जी भाायद जवाब दे रहे है। वे अपने कागज देख रहे है।

Mr. Speaker: No, I would not permit. it is not possible to reply off hand. He has a human brain and is not a computer (Interruptions).

श्री राम विलास भार्माः स्पीकर साहब, क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि हरियाणा में 132 के0 वी0 कितने सब स्टे ान बनाने का प्रस्ताव बिजली बोर्ड के पास पडा हुआ है?

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, 132 के0 वी0 के सब–स्टे ान इस साल जो हम बनाने जा रहे है, वे चार है। हम इनको इस साल में पूरा कर लेंगे। बाकी कुछ 192–93 में भी बनायेगे। एक साल के अन्दर तो ये सारे पूरे नही हो पाएंगे इसलिए इस साल में हम 132 के0 वी0 के चार ही सब–स्टे ान पूरे कर सकेगे।

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से एक बात पूछना चाहता हूं। (विघ्न्)

श्री अध्यक्षः आज तो आप टौर में है। लगता है कुछ रंग दिखाओगे।

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, अभी कुछ सदस्यो ने पगडी का जिक्र कर दिया। मै जरा इस बारे में स्पश्टीकरण देना चाहता हूं (व्यवधान एवं भाोर)

Mr. Speaker: Please put a supplementary.

श्री रतन लाल कटारियाः स्पीकर साहब, जहां तक पगडी के बारे में बात है, मै इस महान सदन के सदस्यो को वि वास दिलाना चाहता हूं कि अगर यह पगडी लोक सभा में गयी तो यह सिर कट जायेगा लेकिन गज्जक और रेवडियां बांधकर कभी राजीव गांधी के चरणे में झुकेगी नही। (व्यवधान एवं भाोर) मै इसमें रोहतक से गज्जक और रेवडियो बांध कर नही ले जाउंगा। मैने

लोगो को वि वास दिलाया है। यह पगडी उन लोगो की है जिन्होने मेरे सिर पर इसे बांध रखा है। (व्यवधान एवं भाोर)

Mr. Speaker: Mr. Kataria, please put a supplementary.

श्री रतन लाल कटारिया: स्पीकर साहब, मै अपने साथी महोदय से यह जानना चाहता हूं कि मेरा रादौर हल्का जो रिकार्ड तोड गेहूं, जीरी और गन्ना पैदा करता है, क्या इस क्षेत्र के अन्दर 132 के0 वी0 के सब–स्टे ान खोलने की इस साल या अगले साल में कोई प्रोपोजल है?

प्रो0 सम्पत सिंह: स्पीकर साहब, सबसे ज्यादा अहमियत कुरुक्षेत्र डिस्ट्रिक्ट की हम दे रहे है क्योकि वहां पर बिजली की ज्यादा आव यकता है और वहां पर ओवर लोडिंग भी है। इसके अलावा उन्होने पगडी की बात छेड दी है तो मै समझता हूं कि रेवडियो का जिक भी जरुरी है। इसमें कोई दो राय नही है कि जब भी कोई ऐग्रीमैंट होता है, चाहे वह पोलीटीकल ऐग्रीमैंट हो, चाहे सो ाल ऐग्रीमैंट हो या कोई भी किसी किस्म का ऐग्रीमैंट हो तो उसमें निभानी पडती है। जिस मैरिज का इन्होने जिक किया, उसका सब को पता है कि हमने भारतीय जनता पार्टी को भी रेवडियां दी थी। हमने इनको खुब रेवडियां खिलाई। बैड–रुम ऐग्रीमैंट था। बकायदा स्पीकर साहब, हमने इनको रेवडियां खिलाई और मलाई वाला दूध भी पिलाया लेकिन स्पीकर साहब, जो छाछ हुआ करती है, वह जैसे ठहरती नही है ऐसे ही ये भी नही ठहरे।

जब नही ठहरे तो हमने दूसरी पार्टी को आजमाना चाहा। जब वह भी किल्ले से भाग गयी तो हमने उसको भी परे किया और पब्लिक के सामने आ गये। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री राम विलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, सम्पत सिंह जी को भागने वाली बात याद आ रही है। मै एक महिला की बात बताना चाहता हूं। उसके बच्चे जब स्कूल में पढने गए तो वहां पर पूछा गया कि तुम्हारी जाति, बिरादरी क्या है। वे कहने लगे कि पहले तो थे हम जुलाहे, फिर हुए राजपूत और अब हुए दर्जी और आगे मां की मर्जी। (व्यवधान एवं भाोर)

श्री अध्यक्ष: कृप्या बैठिए। नैक्सट क्वै चन।

Vacant Post in Schools/Colleges

***1374. Shri Balir Singh Chaudhri/Capt. Ajay Singh Yadav:** Will the Minister of State for Education be pleased to state-

(a) the year wise total number of posts of teachers/lecturers lying vacant in the Primary, Middle, High Senior Secondary Schools and Colleges in the State during the period from 1988 to-date; and

(b) the steps, if any, taken or proposed to be taken to fillup these posts?

ि ाक्षा राज्य मंत्री (श्री सुरेन्द्र सिंह):

(क) सूचना सदन के पटल पर रखी जाती है।

(ख) स्कूलो में रिक्त पद भीघ्र भरे जाने की संभावना है। कालेज प्राध्यापको की भर्ती का मामला भी विचाराधीन है।

सूचना

राजकीय विद्यालयो एवं राजकीय महाविद्यालयो में वर्शवार रिक्तियो का विवरण

पद	दिसम्बर 1988	दिसम्बर 1989	दिसम्बर 1990
प्राध्यापक (विद्यालय)	118	221	596
मास्टरज / मिस्ट्रैसिज	193	809	1252
अध्यापक (सी0 एंड बी0)	348	471	672
जे0 बी0 टी0 अध्यापक	1562	1872	2982

महाविद्यालय (प्राध्यापक)	
1988	241
1989	92

10:00 बजे

श्री बलबीर सिंह चौधरीः स्पीकर साहब, पिछले सै ान में सरकार ने कहा था कि जल्दी टीचर्ज की सारी रिक्तियां भर देंगे लेकिन वे रिक्तियां भरी नही गई और इस कारण विधार्थियो का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। मंत्री महोदय ने सदन के पटल पर जो स्टेटमैंट रखी है उससे पता लगता है कि हर साल रिक्तियां बढती ही गई है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि इसका क्या कारण है और ये रिक्तियां कब तक भर दी जाएंगी?

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि इस सरकार का सत्ता में आने के बाद निरन्तर प्रयास रहा है कि ये रिक्तियां जल्दी से जल्दी भर दी जाएं। इसलिए हमने सरकार के माध्यम से एस एस एस बोर्ड को रिक्तियां भेजी, सी0 एण्ड बी0 टीचर्ज की 1200 के करीब वेकेन्सीज भेजी और जे0 बी0 टी0 टीचर्ज की 3 हजार के करीब भेजी। जिसमें से 1988 के बाद 360 मिस्ट्रसिज लगा दी है और उनको ज्वायन करवा चुके है। 611 सी0 एंड वी0 टीचर्ज को ज्वाइन करवाया है। स्पीकर साहब, एस0 एस0 एस0 बोर्ड ने दो साल तक मास्टर्ज की सिलेक ान नही की और न ही जे0 बी0 टी0 टीचर्ज को सिलैक्ट किया। इस कारण सरकार ने इस पर विचार किया

और एस0 एस0 एस0 बोर्ड के परव्यू से ये पोस्ट्स निकाल ली। कैबिनेट ने फैसला किया कि डिपार्टमैंट के थ्रू इनको डायरेक्ट भरा जाए। इन पोस्ट्स के लिए ऐडवरटाइजमैंट की गई। एस0 एस0 मास्टर्ज ओर जे0 बी0 टी0 टीचर्ज के लिए ऐडवरटाइजमैंट की गई। जे0 बी0 टी0 टीचर्ज के इन्टरव्यू हो चूके है और लैक्चरार के इन्टरव्यू चल रहे है और उनको भी जल्दी ही भर लिया जाएगा।

कामरेड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, जो स्टेटमैंट सदन के पटल पर रखी गई है उससे पता चलता है कि लैक्चराइज की पोस्ट्ज 1988 में 118 थी, 1989 में 221 थी और 1990 में 596 हो गई। इसका मतलब यह है कि हर साल वैकेनीज बढती ही गई है। इसी तरह से कालेजिज़ में 1988 में 241 थी, 1989 में 92 थी और 1990 में 117 थी। मंत्री महोदय ने बताया है कि जे0 बी0 टी0 टीचर्ज और एस एस मास्टर्ज की वैकेन्सीज को बोर्ड के परवयू से निकाल दिया है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि कही बोर्ड के परव्यू से निकालने का कारण यह तो नही कि बोर्ड में और सरकार में कोई मतभेद पैदा हो गया हो और इसलिए ये रिक्तियां बोर्ड नही भर पाया?

Mr. Speaker: Comrade Sahib, you put a specific supplementary, otherwise I will call the other man.

कामरेड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, मेरी सप्लीमैंटरी यह है कि कुछ कालेजिज तो ऐसे है जहां प्रिंसिपल ही नही है।

मेरा अपना कालेज है वहां पर मै पिछले दो तीन साल से देख रहा हूं कि कोई प्रिंसिपल नही है। क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेगे कि इसका क्या कारण है?

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मै माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि सरकार में और बोर्ड में कोई मतभेद नही था। एस0 एस0 एस0 बोर्ड द्वारा सारी वेकेन्सीज मैरिट पर भरी जाती है लेकिन एस0 एस0 एस0 बोर्ड के पास दूसरे डिपार्टमैन्ट की वेकेन्सीज भरने का काम बहुत ज्यादा है इसलिए उनकी सिलेक ान नही हो पाई। एस0 एस0 एस0 बोर्ड के पास ज्यादा लोड होने के कारण समय लग जाता है। अब एस0 एस0 एस0 बोर्ड के परव्यू से ये वेकेन्सीज निकाल ली है। कालेजिज़ में 1990 में 117 वेकेंसीज थी और ये अधिकतर रिजवर्ड कैटेगरी की है और सूटेबल कैंडिडेटस नही मिल रहे है।

श्री रण सिंह मानः अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि ि ाक्षको के जो विभिन्न पद खाली पडे है, उनको भरने का सरकार का क्या क्राइटेरिया है? उन को भरने के लिए मैरिट के कितने और इंटरव्यू के कितने नम्बर रखे जाते है?

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, यह गोपनीय होता है लेकिन फिर भी सदस्य महोदय की जानकारी के लिए मै बता देता हूं। कुल नम्बर 100 जिसमें से 15 नम्बर इंटरव्यू के और 50 नम्बर

ऐजूके ान क्वालिफिके ान के होते है। इनमें लैक्चरर्ज जो कि फर्स्ट डिवीजन हो, उसको पूरे के पूरे 50 नम्बर। सैकिण्ड डिवीजन वाले को 45 और बी0 एड0 फर्स्ट डिवीजन हो, उसको पांच, बी0 एड0 सैकिण्ड वाले को 3, थर्ड डिवीजन वाले को 2। हायर ऐजूके ान के लिए 5ए एम0 फिल0, पी0 एच0 डी0 के लिए 5, और सेकिण्ड के लिए 3, स्पोर्टस के 10 और दो साल से उपर के टीचिंग ऐक्सपीरिऐन्स के लिए 10 व कल्चरल ऐक्टीवीटीज के लिए 5। ये टोटल नम्बर बनते है 100।

श्री सूरज भानः अध्यक्ष महोदय, इस समय 1196 पद स्कूलो में व 450 नइ रिक्त पडे है कालेजिज़ में। एक तरफ तो पढे–लिखे नौजवान बेरोजगार है और दूसरी तरफ स्कूलो व कालेजो मे टीचर्ज न होने की वजह से बच्चो की पढाई का नुक्सान हो रहा है। मै मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जो टीचर्ज रिटायर्ड है और जिनका रिकार्ड वगैरह भी ठीक है, एम0 फिल0 भी है, क्या उनको एक एक साल के लिए सरकार खाली पडे पदो के विरुद्ध लगाने का विचार रखती है ताकि बच्चो की पढाई का नुक्सान न हो?

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, क्लास थ्री 54000 एम्पलाईज को सरकार ने अभी रैगुलर किया है। उनमें से 10 हजार के करीब टीचर्ज, मास्टर्ज व लैक्चरर्ज है। आज की तारीख मैं जितनी वेकेन्सीज पडी है उनके लिए हम इंटरव्यू ले रहे है और उन पदो को भीघ्र ही भर दिया जाएगा।

श्री भगवान सहाय रावतः अध्यक्ष महोदय, एक तो एस0 एस0 एस0 बोर्ड से सिलैक ान पैंडिंग पडी है और दूसरी और नौजवानो में बेरोजगारी है। क्या सरकार ने इस मामले में कोई परमानैंट पालिसी बनाई है ताकि रिक्तियो को भरा जा सके। क्या मंत्री महोदय यह बतलाने का प्रयत्न करेगे कि आज की तारीख में कितनी रिक्तियां है और उन रिक्तियो को कब तक भर दिया जाएगा?

श्री अध्यक्षः इस बारे मे पहले ही बताया जा चुका है।

श्रीमती कमला वर्माः अध्यक्ष महोदय, यहां पर कालेजिज व स्कूलो की रिक्तियो के बारे में बताया गया कि इतनी इतनी रिक्तियां स्कूलो और कालेजो में पडी है जिनको इंटरव्यू लेकर जल्दी ही भर दिया जाएगा। मै इनसे यह जानना चाहती हूं कि जो गवर्नमैंट ऐडिड स्कूल्ज है उन में जो स्वीकृत पोस्टे थी, वे आज तक क्यों भरी नही गई है? इस के क्या कारण है? फिगर्ज इनके पास होंगी। क्या ये यह भी बताने की कृपा करेंगे कि इन दो वर्शो में गवर्नमैंट ऐडिड स्कूलो में कितनी रिक्त पडी पोस्टे स्वीकृत की गई है?

श्री सुरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, इसके लिए यदि ये सैपरेट नोटिस दे तो हम बता देंगे।

श्री रतन लाल कटारियाः अध्यक्ष महोदय, एक ओर तो 7000 के करीब टीचर्ज की पोस्टें स्कूलो व कालेजो में रिक्त पडी

है और दूसरी और बेरोजगारी भी है। तीसरे, छात्र पिछले तीन महीनो से रिजर्वे ान वाले भाोर भाराबे के कारण पढाई से बिल्कुल अनटच रहे है और उनकी पढाई का काफी नुक्सान हुआ है। तो मै सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार ऐसे विधार्थियो को किसी तरह से कम्पनसेट करने का विचार रखती है?

Mr. Speaker: This is no supplementary, Please take your seat.

कामरेड हरपाल सिंहः स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी बताएंगे कि कालेजो के अन्दर जो अध्यापक 15–15 साल से ऐडहॉक पर लगे हुए है उनको पक्का करने पर विचार किया जाएगा?

श्री सुरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, ऐसे केसिज पर विचार कर रहे है।

Mini Secretariat at Rohtak

***1350. Dr. Raghuvir Singh:** Will the Minister for Revenue be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a Mini Sectretariat at Rohtak; and

(b) if so, whether the land for the purpose has been acquired so far?

राजस्व मंत्री (श्री सचदेव त्यागी):

(क) जी हां।

(ख) कोई प्राइवेट भूमि अभिग्रहित नही की गई है। यह 15.26 एकड सरकारी भूमि पर बनाया जा रहा है।

डा0 रघुवीर सिंह: स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी बताएंगे कि ये मिनि सैक्रैटेरिएटस बनाने की प्रपोजल जिन उद्दे यो से भ्रुरु की गई थी क्या ये उनको पूरा करते है? रोहतक के मिनि सेक्रेटिरिएट की ऐस्टीमेटिड कास्ट कितनी है?

श्री सचदेव त्यागी: स्पीकर साहब, जनता की सुविधा के लिए, राज्य सरकार प्रत्येक जिला मुख्यालयो पर सभी सरकारी कार्यालयो को एकत्रित करने के लिए संयुक्त कार्यालय भवन बना रही है। इन भवनो को लघु सचिवालय कहा जाता है। इन भवनो का निर्माण कार्य फेजिज में किया जाता है। इनको पांच ब्लाको में बनाया जाता है। ब्लाक–1 में कार्यकारी न्यायालय तथा कार्यालय तथा उपायुक्त का मुख्य कार्यालय ब्लाक होता है। ब्लाक–2 में प्र ाासकीय ब्लाक होता है। ब्लाक–3 मे अन्य जिला कार्यालयो को स्थान उपलब्ध करवाने के लिए पांच मंजिला भवन होता है। ब्लाक–4 न्यायायिक ब्लाक होता है तथा ब्लाक–5 लिटीगैंट्स ब्लाक होता है। इसके अलावा ब्लाक 2,4 व 5 का निर्माण कार्य फेज–1 के अन्तर्गत किया जाता है। ब्लाक नम्बर 1 और 3 दूसरे फेज मे कवर होते है। रोहतक के मिनि सचिवालय में फेज 1 के

प्र ाासकीय ब्लाक के एक भाग का निर्माण हो चुका है। रोहतक मे लघु सचिवालय 15.26 एकड सरकारी भूमि पर बनाने का निर्णय जून, 1984 में लिया गया था। इसके फेज–1 के प्र ाासकीय ब्लाक का निर्माण करने बारे 4671700 रुपए की प्र ाासकीय स्वीकृती दिनांक 9 अगस्त, 1984 को जारी की गई थी। दिनांक 26 मई, 1989 को दुबारा फिर 2589000 रुपए की प्र ाासकीय स्वीकृती लघु सचिवालय, रोहतक का विस्तार करने के लिए जारी की गई। स्पीकर साहब, 1991–92 में न कामो के लिए दो सौ लाख रुपए प्रस्तावित किए गए है जिसमें से 6 लाख रुपए रोहतक के लिए है।

चौधरी सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी बताएंगे कि पानीपत जिले के अन्दर मिनि सक्रेटेरिएट पर कब काम भाुरु होगा और वह कब तक बन जाएगा?

श्री सचदेव त्यागीः स्पीकर साहब, पानीपत में 66 एकड जमीन कैम्पिंग ग्राउंड की है, उसका डिस्पयूट है। केन्द्रीय सरकार तो कहती है कि वह जमीन उसकी है और हरियाणा सरकार कहती है कि यह जमीन हमारी है। इसका फैसला होते ही वहां पर काम भाुरु करवा देंगे।

डा0 रघुवीर सिंहः स्पीकर साहब, मेरे सवाल का जवाब नही आया है। मैने पूछा था कि रोहतक का मिनि सैक्रेटेरिएट उन रिक्वायरमैंटस या कंडी ांज को पूरा करता है जिन आबजैक्टस को लेकर यह योजना भाुरु की गई थी?

श्री सचदेव त्यागीः स्पीकर साहब, हमने 16 के 16 जिलो में मिनि सैक्रेटेरिएट बनाने का निर्णय लिया हुआ है। ये रिक्वायरमैंट को देख कर ही बना रहे है?

श्री राम विलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, क्या मंत्री जी बताऐं कि सब डिवीजन लेवल पर भी ऐसे मिनि सचिवालय बनाए जाएंगे, अगर हा, तो क्या महेन्द्रगढ में भी बनाया जाएगा?

श्री सचदेव त्यागीः स्पीकर साहब, पहले डिस्ट्रिक्ट लैवल पर बनेगे उसके बाद इस पर विचार करेंगे।

श्री ि ाव प्रसादः स्पीकर साहब, अम्बाला के लघु सचिवालय का केवल एक ही ब्लाक बना है। मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार का उस लघु सचिवालय का दूसरा ब्लाक बनाने का विचार है?

श्री सचदेव त्यागीः स्पीकर साहब, अम्बाला के लघु सचिवालय के फेज–1 के प्र ाासकीय ब्लाक का निर्माण कार्य हो चुका है और बाकी का काम इन प्राग्रैस है। इस साल वहां पर 6. 60 लाख रुपए खर्च किए गए है। उन मिनि सैक्रेटेरिएट का वर्क इन प्रोग्रैस है।

श्री सीता राम सिंगलाः स्पीकर साहब, गुडगांव के अंदर हाई सैकेण्डी स्कूल, आई टी आई की बिल्डिंग और सरकारी कार्यालय पंचायत भवन म`चल रहे है जिससे जनता को बहुत परे ाानी हो रही है।

Mr. Speaker: Mr. Singla, this question relates to Rohtak. Therefore, you can put supplementary regarding Rohtak only.

सेठ लछमन दास बजाजः स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या करनाल मे मिनि सैकेटैरिएट बनाया जाएगा, अगर बनाया जाएगा तो उसका काम कब तक भ्रुरु हो जाएगा?

Mr. Speaker: Mr. Bajaj, as I have said earlier, this question relates to Rohtak and I will allow supplementaries relating to Rohtak only. Please take your seat.

श्री मुनी लालः स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि रेवाडी नया जिला बना है वहां पर लघू सचिवालय कब बनना भ्रुरु होगा?

Mr. Speaker: Mr. Muni Lal, I would not permit to put supplementary on this question like this. Please take your seat. Next question.

50 Bed Hospital at Dabwali Mandi

***1359. Shri Mani Ram:** Will the Minister for Health be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a 50 bed Hospital at Dabwali Mandi?

स्वास्थय मंत्री (श्री औम प्रका ा भारद्वाज): जी नही।

श्री मनी रामः स्पीकर साहब, भारद्वाज जी के महकमे से संबंधित चाहे कोई भी सवाल हो इनकी तरफ से यही जवाब होता है कि 'जी नही' या 'सवाल ही पैदा नही होता'। मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि मंडी डबवाली में 50 बैड का अस्पताल बनाने में क्या दिक्कत है? जी नही कहने से तो काम नही चलेगा।

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य ने कहा है कि मैने उनके साल का जवाब जी नही में दिया है लेकिन मै माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहूंगा कि मंडी डबवाली में पहले से ही एक 30 बैड का कम्यूनिटी हैल्थ सैंटर चल रहा है। यह बात ठीक है कि हम वहां पर 50–60 लाख रुपया खर्च करके सी0 एच0 सी0 को बिल्डिंग जरुर बनाएंगे लेकिन 50 बैड का हास्पीटल बनाने का सरकार का कोई विचार नही है।

श्री मनी रामः स्पीकर साहब, डबवाली की 50 हजार की आबादी है और जो कम्यूनिटी हैल्थ सैंटर है उसकी बिल्डिंग की खस्ता हालत है। मै यह जानना चाहता हूं कि मंडी डबवाली की आबादी को देखते हुए वहां पर 50 बैड का होस्पीटल कब बन जाएगा, क्या उसके लिए जमीन की कोई दिक्कत है या कोई और दिक्कत है?

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः स्पीकर साहब, माननीय सदस्य मनी राम जी का यह कहना ठीक है कि जिस बिल्डिंग में सी0 एच0 सी0 काम कर रहा है वह काफी पुरानी बिल्डिंग है और उस बिल्डिंग की खस्ता हालत है। हमने वहां पर सी0 एच0 सी0 बनाने के लिए हुडडा से जमीन लेनी है और हुडडा ने हमारे विभाग को दो एकड जमीन अलॉट भी कर दी है जिसकी कीमत 15911 रुपए 40 पैसे है।हुड्डा जब भी उस जमीन का पोजै ान हमारे विभाग को दे देगा उसके बाद फौरन उसके लिए एस्टिमेटस बना कर बिल्डिंग बनाने का काम चालू कर दिया जाएगा।

श्री मनी रामः स्पीकर साहब, भारद्वाज साहब मेरे सवाल का जवाब नही दे रहे है।

श्री अध्यक्षः भारद्वाज साहब, आप मनी राम जी की सप्लीमैंटरी नही समझ पा रहे है। जिस समय हमारे विभाग को उस जमीन का पौजै ान मिल जाएगा तो हम फौरन उस बिल्डिंग का एस्टिमेट बना कर काम भ्ाुरु कर देंगे। इस बारे में मनी राम जी भी अपनी तरफ से एफर्टस करे ताकि उस जमीन का पोजै ान जल्दी मिल जाए।

श्री मनीरामः स्पीकर साहब, हुड्डा की जो जमीन है वह गवर्नमैंट टू गवर्नमैंट ट्रांसफर होनी है। उसमें दिक्कत क्या है?

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः स्पीकर साहब, हम उस सी0 एच0 सी0 की बिल्डिंग बनाने का काम जल्दी भ्ाुरु करने की कोि ा ा करेंगे।

डा0 हरनाम सिंहः स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इस साल हरियाणा प्रान्त में कितने हास्पीटल बनने जा रहे है?

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः स्पीकर साहब, मै अपने साथी को बताना चाहूंगा कि इस समय 11 हस्पतालो पर काम चल रहा है।

श्री बलबीर सिंह चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मै मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि सी0 एच0 सी0 बनाने के लिए क्या नार्म्ज है और उसके लिए कितना एरिया होना चाहिए? क्या इन्होने सारे हरियाणा में उचित जगहो पर सी0 एच0 सी0 बनाने के लिए सर्वे करवा लिया है? इसके साथ साथ मै यह भी जानना चाहता हूं कि हिसार जिले में कितनी जगहो पर सी0 एच0 सी0 चल रही है?

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः अध्यक्ष महोदय, सारे हरियाणा में 41 सी0 एच0 सी0 चल रही है ओर इसमें से 5 हिसार में है।

श्री उदय भानः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बताया है कि मण्डी डबवाली में हस्पताल बनाये जाने के लिए हुड्डा को जमीन की पेमैंट करनी है और उसके बाद वह जमीन हैल्थ विभाग

को ट्रांसफर हो जाएगी। मै मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि वह जमीन लेने के लिए हुड्डा को कब तक पेमैंट कर देंगे?

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः यह पेमैंट जल्दी ही कर दी जाएगी।

श्री मोहम्मद असलम खांः स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बताया है कि इस समय 11 स्थानो पर हस्पताल बनाये जा रहे है। क्या मंत्री महोदय इन 11 हस्पतालो के नाम बताने का कश्ट करेंगे।

श्री औम प्रका ा भारद्वाजः स्पीकर साहब, जहां जहां पर ये बनाये जा रहे है उनके नाम मै आपके बता देता हूं। ये है–

1. General Hospital, Karnal.

2. B.K. Hospital, Faridabad.

3. T.B. Isolated Ward, Sirsa.

4. Repair of Krishna Lal Eye Hospital, Bhiwani

5. General Hospital, Ambala City.

6. General Hospital, Adampur Extension.

7. T.B. Isolated Ward, Ambala City.

8. General Hospital, Sonepat.

9. Lok Nayak Jai Parkash Hospital, Kurukshetra.

10. General Hospital Charkhi Dadri.

AIDS

*1363. Dr. Brij Mohan Gupta: Will the Minister for Health be pleased to state-

(a) whether it is a fact that cases of Aids disease have been detected in the State of Haryana; and

(b) if so, total number of such cases detected so far and the preventive action taken by the Government to control the disease?

Health Minister (Shri Om Parkash Bhardwaj):

(a) Yes.

(b) Three cases of AIDS were detected. One case detected in Panchkula who is under regular treatment in P.G.I. Chandigarh. Two foreign students had developed AIDS during the year 1988. One was deported to his native village and the other committed suicide in Karnal Jail. In order to control menace of the dreaded disease, the following measures have been taken:-

(i) All the Civil surgeions and incharge of blood banks have been instructed to collect blood samples of all donors and send these to screening centre at Medical College, Rohtak, for testing against AIDS.

(ii) Testing of blood for high risk groups which include:-

1. Professional Blood Donors.

2. Prostitutes, Homosexuals and drugs addicts.

3. Foreign Studetns.

4. Sexually transmitted disease cases.

(iii) Instructions are to use single autoclaved/disposable needles and syringes.

(iv) There is a separate monitoring cell at Health Directorate.

(v) Doctors are imparted training at P.G.I. Chandigarh.

(vi) Health Education related to AIDS is imparted and World Day was celebrated on 1-12-1990 and an advertisement given in the press to create awareness in the people.

(vii) There is a proposal to establish two more screening centres at Karnal and Hissar with Central assistance.

श्री बनारसी दास गुप्ताः अध्यक्ष महोदय, हैल्थ मिनिस्टर महोदय ने अभी बताया है कि इस रोग के ि ाकार 2 विदे ाी छात्र थे तथा एक केस पंचकूला में डिटैक्ट हुआ है। मै आदरणीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि पंचकूला मे हमारे कान्ति प्रका ा भल्ला जी को इस बीमारी से बचाने के लिए क्या सुरक्षा प्रबन्ध किये गये है? (हंसी)

स्थानीय भाासन राज्य मंत्री (श्री कान्ति प्रका ा भल्ला): स्पीकर साहब, मै आदरणीय पूर्व मुख्य मंत्री श्री बनारसी दास गुप्ता

को बताना चाहूगा कि घूमने फिरने के दौरान हो सकता है कि उन्हे भी ऐड्ज हो गई हो इसलिए उनकी भी जांच करवा ली जाएगी। (हंसी)

श्री रतन लाल कटारिया: स्पीकर साहब, करनाल से एक अखबार में खबर छपी है कि हरियाणा के एक मंत्री 'ऐड्ज' से ग्रस्त है। मै आदरणीय स्वास्थय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्या वे उस मंत्री का नाम बताएंगे ताकि बाकी के हाउस को इस भयंकर रोग से बचाया जा सके? (हंसी)

गृह मंत्री (प्रो0 सम्पत सिंह): स्पीकर साहब, मै इनको यह बताना चाहूगा कि वे मंत्री अब भूतपूर्व हो गए है। (हंसी)

श्री राम बिलास भार्मा: स्पीकर साहब, यह बडा गम्भीर सवाल है जिसके कारण बडा भारी आतंक फैला हुआ है। यह विदे ाी बिमारी है। कई मंत्री गाहे–बगाहे विदे ा जाते रहे है और अदनान खा ागी से भी मिलते रहे है। अदनान खागो ी दूसरे कई लोगो से भी मिलते रहे है। अध्यक्ष महोदय, मै माननीय स्वास्थय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जो मंत्री या सदन के दूसरे सदस्य उनसे मिलते रहे है क्या उनकी जांच करवा ली गई है कि कही उन्हे ऐड्ज तो नही है? (हंसी)

श्री औम प्रका ा भारद्वाज: स्पीकर साहब, मेरे आदरणीय साथी श्री राम बिलास भार्मा जी बहुत चिंतित है कि ऐड्ज का निरीक्षण करवा लिया जाना चाहिए। स्पीकर साहब, मै

इनकी जानकारी के लिए तथा सारे सदन की जानकारी के लिए यह बताना चाहता हूं कि चिन्ता की कोई बात नही है क्योंकि हमारे सभी साथी बिल्कुल ठीक है। (हंसी)

लोक निर्माण मंत्री (श्री जगन नाथ): स्पीकर साहब, हमारे माननीय साथी राम बिलास जी बडे चिन्तित है। विदे ा की बात नही, दे ा के अन्दर भी मद्रास और बम्बई में ऐसी बीमारी फैल गई है। हमें इसकी काफी चिंता है। हमारे कुछ साथी जब घुमने के लिए गए हुए थे तो हमने डा0 महासिंह को इसी काम के लिए भेजा था ताकि अगर कही कोई ऐसी बात हो जाए तो फौरन ईलाज किया जा सके। (हंसी)

डा0 रघुबीर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि इस बीमारी से ग्रस्त जो व्यक्ति है उनमें से कितने मेल है और कितने फीमेल है और वे किस एज ग्रुप के है?

Mr. Speaker: Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित

प्र न का लिखित उत्तर

Road from Prithipur to Gadwali

***1413. Shri Bhag Mal:** Will the Minister for P.W.D. (B&R) be pleased to state the date on which the road from Prithipur to Gadwali is district Yamuna Nagar was constructed

alongwith the number of culverts/bridges constructed thereon?

लोक निर्माण मंत्री (श्री जगन नाथ): 52 पुलियो सहित इस सडक का निर्माण जुलाई 1980 मे किया गया था।

विभिन्न विशयो का उठाया जाना

